# रॉ शुगर डेढ़ साल के निचले स्तर पर

**लंदन** ◆ विदेश में चीनी की सप्लाई बढ़ने की वजह से आईसीई एक्सचेंज में जुलाई डिलीवरी रॉ शुगर के दाम 20 माह के निचले स्तर 20.53 सेंट प्रति पाउंड पर रह गए। इसके मूल्य में 0.8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। बीस माह पहले रॉ शुगर ने 20.13 सेंट प्रति पाउंड का निचला स्तर छुआ था। हालांकि बाद में मूल्य में मामूली सुधार दर्ज किया गया। रेबो बैंक में कमोडिटी एनालिस्ट कीथ फ्लूरी ने कहा कि मौजूदा भाव पर चीनी के दाम सुधरने के आसार हैं क्योंकि भारतीय चीनी मिलें निश्चित ही मौजूदा निचले स्तर पर चीनी बेचने को तैयार नहीं होंगी। दूसरी और लिफ्फे में व्हाइट शुगर 0.4 फीसदी सुधरकर 560.60 डॉलर प्रति टन रह गई। (रॉयटर्स)